



# लुटेरी दुल्हन गैंग के 9 सदस्य गिरफ्तार

## गैंग की दो महिलाओं सहित लग्जरी वाहन भी पकड़े गये

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 27 फरवरी। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा बृजपुर थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर वसूली करने वाली एक सक्रिय लुटेरी दुल्हन गैंग का पर्दाफाश किया गया है। मामले में बृजपुर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये गैंग के 09 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो वाहन सहित अन्य सामग्री जप्त की गई है।**

एसपी पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू ने पत्रकार वार्ता मे जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी बसंत लाल त्रिपाठी पिता रामदुलारे त्रिपाठी उम्र 43 वर्ष निवासी नयागांव धरमपुर द्वारा थाना बृजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि लगभग 15 दिन पूर्व एक परिचित व्यक्ति के माध्यम से फरियादी की शादी हेतु ग्राम उडकी सिंहपुर में रहने वाले लल्लू चौधरी से संपर्क हुआ था। आपसी बातचीत के उपरांत तय योजना के अनुसार दिनांक 23 फरवरी को फरियादी अपने साथियों के साथ बुलेरो वाहन से पहाड़ीखेड़ा लड़की देखने पहुँचा, जहाँ मिश्रा ढाबा के पास लल्लू चौधरी दो लड़कियों एवं एक महिला के साथ मिला । उक्त व्यक्तियों द्वारा शादी के नाम पर फरियादी से पैसों की माँग की गई । फरियादी के साथियो द्वारा रुपये देने से इनकार करने पर फरियादी के साथियों को डरा-धमकाकर वहाँ से भगा दिया गया और स्कार्पियो (क्रमांक एमपी 17 सीबी 1759) से आए व्यक्तियों ने फरियादी को वाहन में सुनसान रास्ते में ले जाकर झूठे केस में फंसाने और जान से मारने की धमकी देकर टैबलेट, नगद 20 हजार रूपये एवं यूपीआई



पासवर्ड प्राप्त कर बैंक खाते से 80 हजार रूपये ट्रांसफर कर लिए । इसके बाद फरियादी को सुनसान स्थान पर उतारकर आरोपी मौके से फरार हो गए । फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 127(2), 308(5), 61(2) बीएनएस का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। एसपी पन्ना श्रीमती नायडू ने अनु0 अधि0 पुलिस राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बृजपुर उनि शक्ति पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसके फलस्वरूप मामले में पुलिस टीम द्वारा दिनांक 26 फरवरी को मुखबिर सूचना के आधार पर पहाड़ीखेड़ा बस स्टैंड पर घेराबंदी कर आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । पूँछताछ में संदेहियों ने अपने अन्य साथियों दिव्या उर्फनैना, अन्नू एवं लल्लू चौधरी के साथ मिलकर सुनियोजित षड्यंत्र के तहत मिथ्या शादी का झांसा देकर फरियादी से रूपयों की अवैध वसूली की वारदात करना स्वीकार किया । पुलिस टीम द्वारा मामले में शामिल 09 आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर आरोपियों के बताये अनुसार उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो कार, सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकिल , फरियादी का लेनोवो कंपनी टैबलेट एवं आरोपियों द्वारा उपयोग किये जा रहे कुल 10 मोबाइल फोन (08 एंड्रॉयड, 02 कीपैड) जप्त किये गये हैं । आरोपियों को न्यायालय पेश किया जाता है । मामले में 03 आरोपी फरार है जिन्हे जल्द ही पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया जावेगा।

उपरोक्त मामले में पुलिस टीम द्वारा नीरज पटेल पिता स्व. पप्पू पटेल, उम्र 22 वर्ष, निवासी चिरहुला थाना बिछिया, प्रद्युम साकेत पिता रामनिवास साकेत, उम्र 24 वर्ष, निवासी कोठी थाना बिछिया, अंकित साहू पिता राजेन्द्र साहू, उम्र 19 वर्ष, निवासी मढ़ी थाना मनगवां, सूरज प्रजापति पिता बिहारीलाल प्रजापति, उम्र 25 वर्ष, निवासी चिरहुला थाना बिछिया सभी जिला रीवा निवासी तथा सोनू अग्निहोत्री पिता राजू अग्निहोत्री, उम्र 28 वर्ष, निवासी वंशिया जिला छतरपुर, सोनू खैरवार पिता प्रेम उर्फ संतोष खैरवार, उम्र 20 वर्ष, निवासी खैरवार मझगवां जिला सतना, ओमप्रकाश सिंह पिता ललन सिंह, उम्र 42 वर्ष, निवासी बेला थाना रामपुर बघेलान जिला सतना, श्रीमती विमला साकेत पति बहादुर साकेत, उम्र 35 वर्ष, निवासी टिकरी थाना मनगवां जिला रीवा, श्रीमती आरती साकेत पति प्रद्युम साकेत, उम्र 26 वर्ष, निवासी कोठी थाना बिछिया जिला रीवा को गिरफ्तार किया गया।



## वन अग्नि नियंत्रण के लिए ग्रामीण समितियों को किया जा रहा जागरूक

नवभारत न्यूज

**पन्ना 27 फरवरी। दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत मोहन्द्रा परिक्षेत्र में वन अग्नि की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से ग्रामीण स्तर पर जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 26 फरवरी को ग्राम वन समिति रमपुरा की बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में समिति सचिव एवं पश्चिम मोहन्द्रा बीट के बीट गार्ड जगदीश प्रसाद अहिरवार द्वारा समिति सदस्यों को वन अग्नि की रोकथाम संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई तथा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशों का वाचन कर उनके पालन हेतु प्रेरित किया गया। सदस्यों को वनों में आग लगने की स्थिति में तत्काल नियंत्रण कार्य प्रारंभ करने तथा वन विभाग को शीघ्र सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। बैठक के दौरान भारतीय पैंगोलिन की सुरक्षा एवं वन्यजीव संरक्षण के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई तथा बाहरी व्यक्तियों अथवा संभावित शिकारियों की गतिविधियों की सूचना तुरंत वन विभाग को देने की अपील की गई।

## पहले चरण मे शराब दुकानों के चार समूहों की 18 दुकानों का टेंडर 2 मार्च को : मौर्य

नवभारत न्यूज

**पन्ना 27 फरवरी। जिला आबकारी अधिकारी मुकेश मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि नवीन आबकारी नीति वर्ष 2026-27 के अंतर्गत पन्ना जिले में शराब दुकानों की नीलामी प्रारंभ हो गई है। ऑनलाइन रेंडमाइजेशन से पुनर्गठित 10 समूहों में से 04 समूह प्रथम चरण के ई टेंडर कम ऑक्शन के लिए चयनित हुए है।**

जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य द्वारा बताया गया कि ऑनलाइन रेंडमाइजेशन में पन्ना जिले के 10 समूहों में से आबकारी पोर्टल द्वारा 4 समूहों का चयन किया गया। इन चार समूहों में कुल 18 शराब की दुकानें सम्मिलित है। शराब दुकान समूह मोहन्द्रा जिसका आरक्षित मूल्य 27 करोड़ 91 लाख 1हजार 97 रुपए है। इस समूह में शराब दुकान मोहन्द्रा, रैपुरा, बघवार कला और हरदुआ पटेल शामिल है।

शराब दुकान समूह शाहनगर में शराब दुकान शाहनगर, धौवापुरा, सुंगरहा, टिकरिया और बोरी शामिल है। जिनका कुल आरक्षित मूल्य 21 करोड़ 1 लाख 48 हजार 990 रुपए है। शराब दुकान समूह बृजपुर में शराब दुकान बृजपुर, मनौर, हिनौता, कृष्णा कल्याणपुर और पहाड़ीखेड़ा सम्मिलित है। जिनका कुल वार्षिक मूल्य 16 करोड़, 39 लाख 85 हजार 562 रुपए है। सलेहा दुकान समूह में शराब दुकान सलेहा, पटना तमोली और सुपंथा शामिल है । जिसका आरक्षित मूल्य 15 करोड़ 96 लाख 42 हजार 227 रुपए है। प्रथम चरण के ई टेंडर कम ऑक्शन हेतु ऑनलाइन टेंडर प्रपत्र डाउनलोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि दिनांक 27 फरवरी 26 से 02 मार्च 2026 को दोपहर 2 बजे तक है। ई टेंडर कम ऑक्शन प्रपत्र खोलने की तिथि 2 मार्च को दोपहर 2 बजकर 5 मिनट से आरम्भ है। ई टेंडर कम ऑक्शन अंतर्गत ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि 2 मार्च 26 को दोपहर 3 बजकर 30 मिनट से सायंकाल 5 बजकर 30 मिनट तक है।

तत्पश्चात 15 मिनट के अंतराल में बोली दिए जाने पर आगामी 15 मिनट के लिए समय वृद्धि की जाएगी। संबंधित समूह का ऑक्शन समाप्त होने अथवा 2 मार्च 26 को सायंकाल 6 बजे जो भी बाद में हो होगा। शेष शराब दुकान समूहों में सम्मिलित 22 दुकानों का ई टेंडर कम ऑक्शन के माध्यम से आगामी बैचों में निष्पादन किया जाएगा। जिसकी सूचना पृथक से प्रसारित की जाएगी।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगाया जा रहा एचपीवी टीका

नवभारत न्यूज

**पन्ना 27 फरवरी। जिले में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिले में 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी तथा 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को यह टीका नि:शुल्क लगाया जा रहा है।**

जिला कलेक्टर श्रीमति उषा परमार के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में यह अभियान संचालित हो रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर पी तिवारी द्वारा बताया गया कि जिले में जिला अस्पताल एवं 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित कुल 6 केंद्रों पर टीकाकरण किया जा रहा है।(अवकाश दिवसो को छोडकर प्रतिदिवस किया जा रहा है) एचपीवी वैक्सीन क्या है? एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) एक ऐसा वायरस है जो संक्रमण के माध्यम से फैलता है और लंबे समय तक शरीर में रहने पर गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर का कारण बन सकता है। एचपीवी वैक्सीन इस वायरस के खतरनाक प्रकारों से सुरक्षा प्रदान करती है। किशोरावस्था में लगाया गया यह टीका भविष्य में कैंसर के खतरे को कम कर देता है। सर्वाइकल कैंसर क्या है? सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला एक गंभीर रोग है, जो गर्भाशय के निचले हिस्से (ग्रीवा) में विकसित होता है। इसके प्रमुख कारणों में एचपीवी संक्रमण शामिल है।

प्रारंभिक अवस्था में इसके लक्षण स्पष्ट नहीं होते, इसलिए समय पर टीकाकरण और नियमित जांच बेहद आवश्यक मानी जाती है। सर्वाइकल कैंसर महिलाओ में स्तन कैंसर के बाद दूसरा सबसे आम कैंसर है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बालिकाओं को निर्धारित स्वास्थ्य केंद्रों पर ले जाकर समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव सुनिश्चित किया जा सके।

## स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर आयोजित

पन्ना 27 फरवरी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पन्ना डॉ. आर.पी. तिवारी के निर्देशन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं उमंग कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 26 फरवरी को एनटीपीसी साइंस कॉलेज, जिला पन्ना में स्वास्थ्य परीक्षण एवं तंबाकू नियंत्रण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय पन्ना से गठित चिकित्सकीय दल द्वारा विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। दल में डॉ. हेमंत चौरहा, दंत शल्य चिकित्सक, सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस ने किया बलवा ड्रिल का अभ्यास, एसपी ने दिए आवश्यक निर्देश

नवभारत न्यूज

**पन्ना 27 फरवरी। आज दिनांक 27 फरवरी को पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमति निवेदिता नायडू के निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में आगामी त्योहारों एवं आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से व्यापक बलवा ड्रिल अभ्यास आयोजित कराया गया।**

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना चौहान की उपस्थिति में पुलिस बल को दंगा नियंत्रण की विभिन्न परिस्थितियों के अनुरूप प्रशिक्षित किया गया। ड्रिल के दौरान पुलिस बल की विभिन्न पार्टियांकृ अश्रु गैस पार्टी, केन पार्टी, लाठी पार्टी, राइफल पार्टी, पेट्रोलिंग पार्टी एवं रिजर्व पार्टी कृ का गठन कर यथार्थपरक अभ्यास कराया गया। अभ्यास के दौरान प्रदर्शनकारियों की भूमिका निभा रहे दल द्वारा नारेबाजी करते हुए पुलिस पर पत्थरनुमा वस्तुएं फेंकी गईं, जिसके पश्चात पुलिस द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार न्यूनतम आवश्यक बल का प्रयोग कर स्थिति को सफलतापूर्वक नियंत्रित किया गया।



आयोजित ड्रिल में पुलिस बल, मजिस्ट्रेट, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी तथा प्रदर्शनकारियों की भूमिका निर्धारित कर समन्वित अभ्यास कराया गया। इस दौरान बलवा नियंत्रक वाहन, गिरफ्तारी वाहन, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, दो पहिया एवं चार पहिया मोबाइल पेट्रोलिंग वाहन तथा बचाव दल पूर्ण रूप से सक्रिय रहे, जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। पुलिस अधीक्षक श्रीमति निवेदिता नायडू द्वारा ड्रिल का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को संबोधित किया गया तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में बलवा ड्रिल के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। साथ ही अभ्यास के दौरान पाई गई कमियों एवं संभावित चुनौतियों के संबंध में आवश्यक समझाइश देते हुए भविष्य में और अधिक प्रभावी कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने बॉडी प्रोटेक्टर किट (बॉडीगार्ड, जाली, हेलमेट आदि) के महत्व पर विशेष बल देते हुए सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान अनिवार्य रूप से सुरक्षात्मक उपकरण धारण करने के निर्देश दिए। उक्त बलवा ड्रिल में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना चौहान, समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, जिले के समस्त थाना प्रभारी के सहित लगभग 100 से अधिक पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।



## तहसील परिसर में असामाजिक तत्वों का डेरा, अधिवक्ताओं में आक्रोश

### रात के अंधेरे में हो रहीं शराब की पार्टियां

नवभारत न्यूज

**अमानगंज/पन्ना 27 फरवरी। अमानगंज तहसील परिसर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। तहसील, जहाँ न्याय की उम्मीद की जाती है, वहाँ रात के अंधेरे में शराब की पार्टियाँ हो रही हैं।**

अधिवक्ताओं के चैम्बरों में मिली शराब की बोतलों और गंदगी ने सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। अधिवक्ताओं के चैम्बर में देर रात असामाजिक तत्वों द्वारा शराबखोरी किए जाने की खबर है।

गत सुबह जब अधिवक्ता अपने चैम्बर पहुँचे, तो वहाँ का नजारा देख दंग रह गए। चैम्बरों के बाहर और अंदर शराब और बियर की खाली बोतलें बिखरी पड़ी थीं। पूरे परिसर में गंदगी का आलम था, पिछले कई दिनों से कुछ अज्ञात लोग रात के समय परिसर में घुसकर शराब पार्टी कर रहे हैं।

इससे न केवल गंदगी फैल रही है, बल्कि तहसील की सुरक्षा भी खतरे में है। अधिवक्ताओं ने बताया कि आज हम सभी अधिवक्ता गणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।

हमने मांग की है कि पास के श्रीजी पैलेस में लगे सीसी टीव्ही कैमरों की जांच की जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार हेमंत अवधिया ने अधिवक्ताओं को उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## कृषकों का दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमिनार का किया शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**पन्ना 27 फरवरी। शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस क्रम में उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग पन्ना द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषक सेमिनार आयोजित किया गया।**

जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, कलेक्टर ऊषा परमार एवं जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी ने गत गुरूवार को शहर के एक निजी होटल में सेमिनार का शुभारंभ किया और कृषकों को परम्परागत खेती के स्थान पर तकनीक और नवाचार के जरिए गुणवत्तायुक्त फसल उत्पादन प्राप्त करने की सलाह दी। उद्यानिकी विभाग द्वारा कृषि एवं किसान हित में इस प्रशिक्षण को सराहनीय बताया गया तथा किसानों को महत्वपूर्ण एवं उपयोगी जानकारियां प्राप्त कर बेहतर कृषि उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ने की सलाह दी गई। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रगतिशील कृषक निरंतर रूप से नया सीखने की कोशिश करें। जिला कलेक्टर ने सेमिनार के अवसर पर कहा कि अधिक फसल के लिए रासायनिक खाद एवं उर्वरक का अधिकाधिक उपयोग हानिकारक है। इसलिए प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने का प्रयास करें। इसमें नीम की खली, गौमूत्र, मठा इत्यादि घरेलू तरीकों का उपयोग करना भी लाभकारी है। यह महंगी खाद की अपेक्षा सुलभ रूप से उपलब्ध हो सकने वाला अच्छा विकल्प है। प्रथम दिवस पन्ना, गुनौर एवं अजयगढ़ के 130 कृषक सेमिनार में शामिल हुए।

## आजीविका उत्सव स्टॉल का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**पवई 27 फरवरी। जिला कलेक्टर श्रीमती उषा परमार के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी के निर्देशन में मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पन्ना जिले के अंतर्गत समूह की दीदियों द्वारा गेंदा पालक गुलाब सिंदूर चुकंदर आदि से हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है।**

आम नागरिकों को होली के पूर्व प्राकृतिक रंग उपलब्ध कराने के लिए आजीविका मिशन द्वारा 28 फरवरी से 01 मार्च तक मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक परिसर में आयोजन किया जा रहा है। ये प्राकृतिक रंग पूरी तरह ईको फ्रेंडली हैं इनके इस्तेमाल से त्वचा को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं



पहुंचेगा और ना ही सांस लेने में कठिनाई होगी।स्वास्थ्य की दृष्टि से यह जैविक रंग पूरी तरह से शुद्ध एवं उत्तम हैएवोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने एवं समूहों को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से होली के पूर्व दो दिवसीय होली उत्सव मेले का आयोजन किया जा रहा हैएजिसमें आम नागरिकों के साथ साथ अधिकारी कर्मचारी भी उचित दामों पर हर्बल गुलाल खरीद सकते हैं। इसी के तहत शुक्रवार को पवई के मध्यांचल ग्रामीण बैंक परिसर में आजीविका उत्सव स्टॉल का शुभारम्भ समीक्षा जैन एसडीएम पवई द्वारा फीता काटकर किया गया।

## दीपेंद्र सिंह परमार एवं भास्कर पांडेय बने भाजपा जिला उपाध्यक्ष

पवई 27 फरवरी। गत दिवस भाजपा जिलाध्यक्ष ब्रजेन्द्र मिश्रा द्वारा प्रदेशाध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल की सहमति से नवीन जिला



कार्यकारिणी घोषित की गई है जिसमे पार्टी के सक्रिय युवा नेता पूर्व जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह परमार एवं जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा भास्कर पाण्डेय दोनों को जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है । जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने के बाद पवई एवं मोहन्द्रा क्षेत्र सहित समस्त मंडलों के भाजपा कार्यकर्ताओ मे हर्ष का माहौल व्याप्त है । मित्रों शुभचिंतको ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है



## न्यायिक आवासों का जीर्णोद्धार अंतिम चरण में

नवभारत न्यूज

**पन्ना 27 फरवरी। पन्ना जिले की पवई अनुभाग के अंतर्गत पवई के पास हिनौता मे स्थित न्यायिक आवास जो पूर्णत: जर्जर अवस्था मे पहुंच गये थे।**

ग्रामीणों द्वारा खिड़की, जंगलें, दरवाजे आदि सब उखाड़ कर ले जाया गया था। एसडीओ लोकनिर्माण पवई राजमणि बागरी ने बताया कि विभागीय एवं न्यायिक निर्देशों के परिपालन मे उक्त सभी जर्जर हो चुके न्यायिक आवासों के जीर्णोद्धार का कार्य तेज गति से किया गया। जिससे उनके मरम्मतीकरण कार्य के फलस्वरूप अब वे अपने मूर्त रूप मे आ गये हैं और कार्य पूर्णता की ओर है।

## जुएं के फड़ पर पुलिस का छापा, 16 आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पन्ना 27 फरवरी। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमति निवेदिता नायडू द्वारा जिले में जुआ एवं सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक 26-27 फरवरी की दरम्यानी रात्रि में पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए जुए के फड़ पर दबिश देकर 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।**

मामले में थाना प्रभारी अजयगढ़ निरीक्षक हरि सिंह ठाकुर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति अजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गोहलोदपुरवा स्थित खेर माता मंदिर के पास जंगल में वाहनों एवं मोबाइल टॉर्च के उजाले में ताश के पत्तों से रुपयों



की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ (मन्ना) खेल रहे हैं। एसपी पन्ना द्वारा एसडीओपी अजयगढ़ राजीव सिंह भदौरिया के दिशा निर्देशन एवं टीआई अजयगढ़ हरि सिंह के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान ग्राम गोहलोदपुरवा स्थित खेर माता मंदिर के पास जंगल में दबिश दी गई, जहाँ कुछ व्यक्ति रात्रि के अंधेरे में प्रकाश की व्यवस्था कर ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते पाए गए। पुलिस द्वारा घेराबंदी कर मौके से 16 आरोपियों पर वैधानिक कार्यवाही की गई। आरोपियों के विरुद्ध थाना अजयगढ़ में संबंधित धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उनके कब्जे से 1,22,500/- नगद, 02 चार पहिया वाहन, 03 मोटर साइकिल, 13 नग मोबाइल फोनकुल जप्त किये गये।

### इन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

महेन्द्र कुमार निगम उर्फकज्जू निगम पिता केदारप्रसाद निगम, उम्र 45 वर्ष, निवासी चंदला जिला छतरपुर, अनिल शुक्ला पिता ज्ञानस्वरूप शुक्ला, उम्र 42 वर्ष, निवासी किशनपुर थाना अजयगढ़, अरुण कुमार गुप्ता पिता रामकृपाल गुप्ता, उम्र 50 वर्ष, निवासी सिंहपुर थाना अजयगढ़, सुल्तान पिता मुइउद्दीन, उम्र 29 वर्ष, निवासी हरदी थाना धरमपुर, गोरेलाल पटेल पिता जगदीश पटेल, उम्र 32 वर्ष, निवासी गुछारा थाना धरमपुर, जयकरण कोंदर पिता रतिराम कोंदर, उम्र 24 वर्ष, निवासी झगरहा थाना अजयगढ़, सतेन्द्र राजपूत पिता गोपाल सिंह राजपूत, उम्र 29 वर्ष, निवासी कचनारी जिला दमोह (हाल निवासी पुरैना थाना सिमरिया), लोकेन्द्र राय पिता कल्लूराम राय, उम्र 24 वर्ष, निवासी चंदला जिला छतरपुर, पिन्कू उर्फसुभाष रावत पिता कौशल किशोर रावत, उम्र 45 वर्ष, निवासी सिमरिया, भागवत पटेल पिता राजाभइया पटेल, उम्र 42 वर्ष, निवासी चंदला जिला छतरपुर, फूल सिंह बगरी मोहर पिता शिवबालक सिंह, उम्र 50 वर्ष, निवासी बिलहरका जिला बांदा (उ.प्र.), शिवभजन अग्निहोत्री पिता सियाराम अग्निहोत्री, उम्र 49 वर्ष, निवासी गोयरा जिला छतरपुर, विनोद नामदेव पिता रामप्रसाद नामदेव, उम्र 32 वर्ष, निवासी गुनौर जिला पन्ना, रफीक अहमद पिता रहमान मोहम्मद, उम्र 42 वर्ष, निवासी महोबा (उ.प्र.), धर्मेन्द्र कुमार शर्मा पिता गरीबदास शर्मा, उम्र 30 वर्ष, निवासी हरदुआ थाना कोतवाली पन्ना, वसीम अंसारी पिता इमामी अंसारी, उम्र 33 वर्ष, निवासी टौरिया मोहल्ला जिला छतरपुर का नाम शामिल हैं।